अखिल भारतीय लेखांकन सम्मेलन व सेमिनार के महाकुंभ का समापन

उदयपुर,(कासं)। भारतीय लेखांकन परिषद उदयपुर शाखा एवं राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय 47वीं ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार का समापन सोमवार को हुआ।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि दो दिवसीय विचार मंथन से लेखांकन के विभिन्न और महत्वपूर्ण मसलों पर चर्चा होने के साथ ही कई अहम तथ्य भी सामने आए है। उन्होने कहा कि अकांटिंग में भारतीय दृष्टि का समावेश कर शोध निष्कर्षों को संस्कृति-शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए। पारंपरिक भारतीय बौद्धिकता को आधुनिक लेखांकन अनुसंधान के सममिश्रण से शिक्षा को नवोन्मेषी आयाम प्रदान करने का आधार तैयार किया जा सकता है। सारंगदेवोत ने वर्तमान तकनीकी परिदृश्य को देखते हुए कहा कि अकांटिंग में एआई के उपयोग से न केवल विश्लेषण की गति बढ़ी है,बल्कि निर्णय की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। उन्होने कहा कि अब समय आ गया है जबकि संख्याओं को नैतिकता और डेटा को दृष्टि से जोड़ा जाए।

एमपीपीयूटी के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक ने अपने उदबोधन में इन सेमीनारों के माध्यम से शिक्षा का समाज और राष्ट्र के लिए उपयोग के भावों को आधार बना कर पारदर्शिता, विश्वसनीयता और तकनीकी के आयामों का अनुसरण करके आर्थिक सुधारों और तकनीकी प्रणालियों को जन जन तक पहुंचाना। शिक्षा का उददेश्य केवल नौकरी पाना नहीं, एक अच्छा इंसान बनाना आवश्यक है। उन्होने कहा कि शिक्षक डर के साये न जिये, यदि शिक्षक डर गया तो समाज का पतन हो जायेगा। इन प्रयासों से वर्तमान और भावी पीढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था को नया आकार दे पाएंगी। उन्होंने युवाओं और प्रतिभागियों से आव्हान किया कि ये आयोजन अनुभव आधारित ज्ञान अर्जन करने का सुअवसर होते है जो हमारे व्यक्तित्व को व्यवसायिक जीवन के साथ सामाजिक सहभागिता के विचारों से परिचित करवाते है क्योंकि शिक्षा का मूल मकसद समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी अवसर प्रदान करने का नाम है।

47 वें अखिल भारतीय लेखांकन सम्मेलन एवं इनटरनेशनल सेमीनार के महाकुंभ का समापन हुआ।

आईएए के जनरल सेकेट्री संजय भयाणी, संगोष्टी सचिव डॉ. शूरवीर सिंह भानावत ने समापन सत्र में स्वागत उद्बोधन के माध्यम से संगोष्टी में हूए विचार मंथन का निचोड़ एवं उसके उपयोग और संभावनाओं के बारे में बताया। समापन सत्र के दौरान सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात के कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चैहान, वीएमओयू के कुलपति प्रो. बीएल वर्मा, इगनू के पूर्व कुलपति प्रो. नागेश्वर राव, गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के कुलपति प्रो. के. एस. ठाकुर ,डॉ. पुष्पकांत शाकद्वीपीय ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रो. एनएम खण्डेवाल द्वारा लिखित पुस्तक नीति, संगठनात्मक व्यवहार का विमोचन किया गया।

संगोष्ठी सचिव डॉ. शूरवीर सिंह भानावत ने बताया कि आयोजित दो दिवसीय सेमीनार में 6 विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें 239 शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण के साथ लेखांकन के विभिन्न मुद्दों पर विचार मंथन किया गया। शोधपत्रों के द्वारा प्राप्त सूचनाओं और तथ्यों को अकांटिंग व

- **'अकांटिंग में एआई के उपयोग से न केवल विश्लेषण की गति बढ़ी है,बल्कि निर्णय की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है'**
- **18 राज्यों के 850 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग**

संबंधी विभिन्न क्षेत्रों के साथ साथ नियम निर्धारण के लिए उपयोग में लाया जाएगा। स्मापन सत्र में नेशनल एकाअंटिंग टेलेंट सर्च एंड अवार्ड का डिक्लेरेशन किया गया। विभिन्न तकनीकी सत्रों के बेस्ट पेपर अवार्ड की घोषणा कर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। संगोष्टी प्रतिवेदन डॉ शिल्पा लोढ़ा ने प्रस्तुत किया इस मौके पर प्रो. जी. साइमन, डॉ सत्यजीत धार, डॉ. नीमी देव,प्रो जीतेन्द्र जैन,प्रो अरिन्दम गुप्ता , सीएमए डॉ. जी. नरेश रेड्डी, प्रो. जी. सौरल पूर्व अध्यक्ष भारतीय लेखा परिषद, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. आईजे माथुर, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. सुनिता मुडिच्या, डॉ.अपर्णा श्रीवास्तव,डॉ.शिल्पा वडिच्या, डॉ. अभय जारौली, डॉ. हेमंत कडुनिया, डॉ. पंकज रावल सहित, डॉ. इंदू बाला आचार्य, डॉ. जय सिंह जोधा, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. रेखा कुमावत देश भर से आये प्रतिभागी उपस्थित थे।

मेवाड़ बचाओ मंच की आवाज़ को मिला जनसमर्थन

उदयपुर, (कासं)। मेवाड़ की उदयपुर आत्मा आज एक अदृश्य खतरे से जूझ रही है क्योंकि डार्क स्टोर्स और इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स के कारण स्थानीय व्यापार और रोजगार पर संकट गहराता जा रहा है। इस चुनौती के खिलाफ एक जनआंदोलन की शुरुआत मेवाड़ बचाओ मंच ने द्वारा 26 सितंबर से शुरू हुई। मंच की पहली मुहिम 'इस दिवाली उदयपुर का पैसा उदयपुर में' और अब पहले चरण में आधे सफर में उदयपुर के 10-11 बाजारो के व्यापारियों से सम्पर्क किया गया और शत-प्रतिशत व्यापारियों का समर्थन मिला है। व्यापारियों ने मंच की अपील पर अपने स्तर पर भी स्थानीय ग्राहकों के घर तक फ्री डिलीवरी करवाने पर सहमति जतायी है।

मंच के संस्थापक अध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय व्यापार को बचाना, रोजगार को सुरक्षित करना और उदयपुर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। पहले चरण में व्यापारियों से सीधा संवाद किया गया और शपथ पत्र भरवाए गये, और उन्हें तीन मूल सिद्धांतों सही दाम, बेहतर सुविधा और आत्मीय व्यवहार।पर आधारित शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करवाए हैं। मंच के सदस्यों ने यूनिवर्सिटी रोड, चुंगी नाका, बोहरा गणेश जी, पहाड़ा, सुभाष सर्किल, ठोकर , आयड़ जैसे प्रमुख बाजारों में अभियान चलाया और यहां से उन्हें हर व्यापारी की तरफ से पूरा समर्थन मिला है। साथ ही उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी इस मुहिम को लोग पसंद कर रहे हैं और अभी तक 2 लाख से अधिक इंप्रेशन और 80,000 से अधिक यूनिक लोगों ने इस संदेश को सहर्ष स्वीकार किया है।

सार-समाचार

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, उदयपुर के मनोचिकित्सा विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम सेवाओं तक पहुंच-आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें डॉ. सुरेश गोयल (डीन), डॉ. प्रवीन खैरकर (विभागाध्यक्ष-मनोचिकित्सा), डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. हरीश माथुर और डॉ. एस.एन. झाधव उपस्थित थे। इस अवसर पर रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण और कविता प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य आपदाओं और आपात स्थितियों के समय मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के महत्व को रेखांकित करना था। फैकल्टी और छात्रों ने पूरे उत्साह से भाग लेकर रचनात्मकता और जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉ. दिव्या चड्ढा ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि डॉ. सज्जन, डॉ. अदिति, डॉ. नील, डॉ. अर्चिष, डॉ. प्रियंका और डॉ. मनीष ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन सूचनाप्रद, जागरूकता बढ़ाने वाला और उत्साह से भरपूर रहा, जिसने कठिन परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता और सुलभता के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आव्हान

कपासन, (निसं)। कपासन में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आमजन से आगामी त्योहारों पर स्थानीय व्यापारियों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आ ान किया है। इस संबंध में विहिप और बजरंग दल द्वारा सोमवार को श्री रामद्वारा परिसर में एक चर्चा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न व्यवसायों के प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक पोस्टर का विमोचन किया गया। इसका उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान स्थानीय व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देना तथा ऑनलाइन मार्केटिंग का बहिष्कार करने के लिए जागरूकता फैलाना था। विहिप के जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा ने लोगों से चाइनीज लाइटों का त्याग कर हस्तनिर्मित दीयों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने भगवान के चित्र वाले पटाखों और अन्य विवादित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया। बजरंग दल के जिला सह संयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि व्यापार संघ धार्मिक आयोजनों के दौरान आर्थिक सहयोग या किसी अप्रिय घटना पर बाजार बंद रखकर विरोध दर्ज कराने जैसे सेवा कार्यों में हमेशा सहयोग करता आया है। ऐसी स्थिति में आमजन को भी स्थानीय बाजारों से खरीदारी करनी चाहिए, जिससे स्थानीय व्यापारियों के रोजगार में वृद्धि हो और बाजारों की रौनक बनी रहे।

राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस आज से

उदयपुर, (कासं)। झीलों और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण विश्व भर में विशिष्ट पहचान रखने वाली पर्यटन नगरी उदयपुर में पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस मंगलवार से होटल मेरिएट में प्रारंभ होगी। कांफ्रेन्स में केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्रसिंह शेखावत, पर्यटन राज्य मंत्री श्री सुरेश गोपी, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल तथा विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री भाग लेंगे। राष्ट्रीय कांफ्रेन्स को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। दो दर्जन से अधिक राज्यों के पर्यटन मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण सोमवार देर शाम तक उदयपुर पहुंच चुके हैं। दो दिवसीय कांफ्रेन्स के पहले दिन मंगलवार सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र होगा।

मांडवा थानाधिकारी निलंबित

उदयपुर, (कासं)। पन्द्रह साल की नाबालिग से रेप और उसके गर्भवती होने के मामले में एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले उदयपुर के मांडवा सीआई देवीलाल मीणा को निलंबित सस्पेंड कर दिया गया है। उदयपुर आईजी गौरव श्रीवास्तव ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए थानाधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है। बता दें कि परिजनों ने 28 जून 2025 को मांडवा थाने में रेप के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दी थी। लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बजाय पंचायत में मामला सुलझाने की सलाह दे दी थी। पीड़िता ने 17 अगस्त को दोबारा मांडवा थाने में रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 18 सितंबर को उन्होंने उदयपुर एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने केस दर्ज करने के आदेश दिए इसके बावजूद मांडवा थानाधिकारी ने कोई एक्शन नहीं लिया था। पीडित के पिता ने बताया कि नवंबर 2024 को उनकी बेटी जंगल में लकड़ी लेने गई थी। तभी आरोपी सरदीराम ने चाकू दिखाकर उसके साथ रेप किया।

संक्षिप्त

नकदी हड़पने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर मुनीम के खिलाफ लाखों की नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नरेश पुत्र शीवकुमार गुप्ता ने अर्पण अपार्टमेंट नियर कम्यनिटी हॉल सविना हॉल राधा रानी ट्रेडिंग कम्पनी कृषि उपज मण्डी हिरणमगरी ने आरोपी प्रीतम पुत्र अशोक कुमार डागरिया निवासी हनुमान मंदिर के पास धरियावद हाल हिरणमगरी सेक्टर 11 जैन मंदिर के पास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी वर्ष 2023 में मेरी दुकान पर मुनीम का काम करता था। इस दौरान ठाहाकों से आरोपी वसूली कर लाया करता था।गत दिनों आरोपी ठाहकों से 9 लाख रूपये नकदी लेकर बिना बताए चला गया। इस दौरान ठाहकों से रूपयों की मांग करने पर ठाहकों ने नकदी जमा रसीदे दिखाई। इस पर धोखाधड़ी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई दिनेश को सौंपी है।

हत्या का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वालेआरोपी को गिरफ्तार किया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन सुदर्शन चक्र अभियान के दौदार जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोगुंदा थानाधिकारी श्याम सिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए विनोद कुम्हार पुत्र हिरालाल निवासी कुम्हारवाड़ा गोगुंदा, गोपाल वेद पुत्र कालूलाल निवासी जिरई बगडून्दा गोगुन्दा को गिरफ्तार किया। 16 सितंबर को विनोद कम्हार ने अपने घर के बाहर बैठे मोतीलाल पर विनोद कुम्हार व गोपाल वेद प्राणघातक हमला कर फरार हो गए थे।

चांदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। दुकान मालकिन को झांसा देकर चांदी चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार पीडिता प्रेरणा कोठारी पत्नी संतोष कोठारी निवासी स्काई टावर सुखाडिया सर्कल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी लालघाट रोड़ पर जेम सिल्वर आर्ट नाम से दुकान हैं। दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर रात में करीब साढे तीन किलों चोदी के जेवरात व आईटम चुरा ले गया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक कैलाशचंद्र के सुपरविजन में घंटाघर थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में एएसआई भगवानलाल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी भावेश पुत्र अवंतिलाल निवासी नाहरमगरा डबोक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि मालिक का विश्वास होने से दुकान

पेसिफिक प्रबन्ध संकाय में फ्रेशर पार्टी का धमाल

पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संकाय में एमबीए के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ।

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक विवि के प्रबन्धन संकाय में एमबीए के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ में फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन, प्रो. दिपिन माथुर एवं फैकल्टी गणों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागन्तुक छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन ने विद्यार्थियों को आज के चुनौतीपूर्ण वातावरण में अपनी पहचान बनाने हेतु संवाद-कौशल, त्वरित निर्णय क्षमता, मल्टीटास्कींग आदि में पारंगत होने पर बल दिया।कार्यक्रम में सीनियर एवं जूनियर के 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं मनभावन नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियां दी। यह फ्रेशर्स पाटी तीन दिनों तक आयोजित की गई जिसमें पहले दो दिन ट्रेजर हंट और बॉली टेली दो कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें बिजनेस एनालिटिक्स के छात्रों ने ट्रेजर हंट प्रतियोगिता में खादीजा कागजी, वासु शर्मा, नवीन जोशी, आयुष राठौड़ मोहम्मद शफिन खान प्रतियोगिता में जीत दर्ज की।

चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने सोमवार को एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश बर्ड सैंक्चुरी रोड पर चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया है। आरोपी पर चोरी, नकबजनी, लूटपाट और अपहरण जैसे 13 से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं।

थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा ऑपरेशन संस्कार के तहत हिस्ट्रीशीटर और आदतन अपराधियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान आरोपी मुस्तफा उर्फ बोडा पुत्र जावेद खान मुसलमान निवासी शास्त्री कॉलोनी पर निगरानी रखी जा रही थी। इस बीच सूचना मिली कि आरोपी बर्ड सैंक्चुरी रोड पर चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहा है। मौके पर एएसआई मणिलाल, बस स्टैंड चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह,कॉन्स्टेबल महिपाल, सुरेंद्र सिंह और रविन्द्र सिंह की टीम पहुंची और मुस्तफा उर्फ बोडा को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर लिया है। जांच

चाकू दिखाकर धमकाने वाला हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया।

में सामने आया कि आरोपी पर कोतवाली थाने में चोरी, नकबजनी, लूटपाट, अपहरण और पोक्सो एक्ट के तहत 13 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है ताकि उसके अन्य आपराधिक साथियों की जानकारी मिल सके।

जन्मदिन मनाने उदयपुर पहुंचे कटारिया

उदयपुर, (कासं)। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया 2 दिवसीय उदयपुर प्रवास पर हैं। 82वें जन्मदिन जन्मदिन के मौके पर कटारिया जयपुर से सीधे सोमवार को उदयपुर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने त्र्यंबकेश्वर महादेव और महाकालेश्वर मंदिर में अभिषेक किया।

इस मौके पर कटारिया के शहर में एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम रखे गए। जन्मदिन के मौके पर पहली बार शहर भाजपा ने कोई कार्यक्रम नहीं रखा जबकि हर साल कोई न कोई कार्यक्रम रखे जाते हैं। हालांकि बोहरा गणेशजी मंदिर में दर्शन के दौरान कटारिया का हज्पा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह समेत पूरी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। जबकि देहात भाजपा की ओर से कटारिया का सम्मान समारोह रखा गया है। इस बार जन्मदिन को लेकर सारी कमान शहर विधायक ताराचंद जैन के पास हैं। इस मौके पर विधायक विधायक ताराचंद जैन और शहर जिलाध्यक्ष गजपालसिंह के बीच चल रही गुटबाजी की खूब चर्चा हैं। एक कार्यक्रम में कटारिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक दिन में 6 मंडलों के कार्यक्रम रख दिए गए, अब 82 साल में मुझे भी थोड़ी बहुत थकान तो आती हैं। गर्दन झुकाना बहुत कठिन होता है। क्योंकि हम अकड़ कर सीधे हो गए हैं। फिर भी हम कार्यकर्ता के आगे गर्दन झुकाते हैं,क्योंकि वे हमसे बड़े हैं। कटारिया ने कहा कि जहां भी रहूं मैं कोशिश करत हूं कि उदयपुर का नाम रोशन करूं। उन्होंने कहा कि 45 सालो से जन्मदिन पर शहर के पूजनीय स्थलों पर दर्शन करते हैं। इसके बाद वे जनता का आशीर्वाद लेता हूं। ईश्वर और जनता की बहुत कृपा है। राज्यपाल कटारिया ने सुबह सबसे पहले अपने घर पर आए लोगों से मुलाकात की। उदयपुर शहर से लंबे समय तक विधायक रहे कटारिया हर साल आम लोगों के बीच अलग.अलग कार्यक्रमों में जाकर अपना जन्मदिन मनाते रहे हैं। वे करीब 8.30 बजे सबसे पहले माछला मगरा स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने अभिषेक किया।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में योजनाओं की समीक्षा की

उदयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। श्री आर्य ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 11 करोड़ 43 लाख आदिवासी रहते हैं। इन आदिवासियों की सुरक्षा, देखरेख, योजनाओं के माध्यम से आदिवासियों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव का अध्ययन और मूल्यांकन करना आयोग का उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि उदयपुर भी एक आदिवासी बाहुल्य जिला है। अधिकारी ज्यादा से ज्यादा फील्ड का दौरा करें और जनजाति इलाकों में रात्रि विश्राम करें, ताकि आदिवासियों की समस्याओं का पता चले। सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करें। आदिवासी मेहनती और स्वभाव से सरल होते हैं, वे अपनी समस्याएं बताने में झिझकते हैं। इसलिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिनको वनाधिकार के पट्टे दिए गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री

जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक में अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य, उपनिदेशक राकेश कुमार दुबे व जिला कलक्टर मौजूद रहे।

किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। वनाधिकार वालों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ देने का प्रावधान है। वनाधिकार पट्टे प्राप्त करने वाले ऐसे लोग जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हैं, उनको एक माह में लाभ दिलवाएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले में मनरेगा के तहत प्रधानमंत्री सड़क योजना और स्टेट हाइवे के किनारे खाली जमीन पर नीम, करंजी और महुवा के पेड़ लगाने का सुझाव दिया। जिला कलक्टर नमित मेहता ने विभागीय अधिकारियों को आयोग अध्यक्ष के निर्देशानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला परिषद सीईओ रिया डाबी ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत गांवों में लगाए गए कैंपों की उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदि कमर्योगी अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में कैम्प लगवाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने और स्थानीय नेतृत्व को विकसित करने के लिए विलेज एक्शन प्लान बनवाकर 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में अनुमोदन भी करवाया है। ग्राम पंचायतों में सर्वे करवाकर सरकारी योजनाओं से वंचित जनजाति समुदाय के लोगों का डाटाबेस तैयार करवाया है। 17 हजार से अधिक लोगों को पोर्टल पर आदि कर्मयोगी के रूप में पंजीकृत किया गया है।

आयोग अध्यक्ष ने पुलिस द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से जुड़े भूमि विवाद मामलों में जांच के बाद बड़ी संख्या में प्रकरणों को बंद करने पर सवाल उठाया। विशेष रूप से उन मामलों में, जहां अनुसूचित जनजाति की भूमि पर नॉन-एसटी व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया जाता है, जबकि कानून के तहत इस पर सख्त कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान ऐसे कई मामले सिविल नेचर के मानकर बंद कर दिए जाते हैं, जबकि नियमानुसार राजस्व अधिकारी की जांच में कब्जा सामने आने पर पेनल्टी और मुकदमे की कार्रवाई होनी चाहिए। पिछले तीन वर्षों में ऐसे कई प्रकरण बंद कर दिए गए, जिनमें स्पष्ट कब्जा या भूमि विवाद की स्थिति थी

घरों के बाहर गंदगी का ढेर

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के टेकरी क्षेत्र के तुलसी नगर में नगर निगम के ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण करने वाला ऑटो)कर्मचारियों की मनमानी से स्थानीय लोग नाराज हो गए। रोजाना कचरा डालने और टाइम से आने को लेकर ऑटो ड्राइवर ने बहस की थी। इस पर क्षेत्रवासियों ने रोजाना टाइम से आने की बात कही। वो गुस्से में आकर कचरा वही छोड़कर ऑटो लेकर चला गया।

इस पर नाराज लोगों ने अपने घरों के बाहर कचरा खाली कर दिया। गंदगी का ढेर लगा दिया। लोगों ने इस मामले को लेकर नगर निगम में भी शिकायत की हैं। हालांकि निगम से उन्हें कोई संतोषपूर्वक जवाब नहीं मिल सका। जानकारी के अनुसार तुलसी नगर में सोमवार सुबह जब ऑटो टिपर आया तो ड्राइवर ने कचरा कलेक्शन के 220 रुपए की मांग की। जब निवासियों ने पैसे मांगने का कारण पूछा तो उसने कहा. यह डोर.टू.डोर कचरा कलेक्शन की फीस है। कई महिलाओं ने फीस की रसीद भी कटवा दी। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने फीस देने के साथ रोजाना टाइम से आने की बात कही तो ऑटो ड्राइवर भड़क गया और बहस करने लगा। कुछ महिलाएं अपने घर के अंदर जाकर पैसे लाने गई तो ऑटो टिपर बिना कचरा उठाए चला गया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/1627 **आम सूचना** दिनांक : 13/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम / योजना	खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री सुनील पिता श्री सत्य नारायण	आयड़	82 मीन, 83, 85, 86	संयुक्तिकृत भूखण्ड - 2-ए + 2-बी	11154.00 वर्गफीट	शोभागपुरा चौराहे से डी.पी. एस स्कुल के समीप से भूवाणा प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली सडक से न्यू आरटीओ ऑफिस जाने वाली 60 फीट एवं रूपसागर को जाने वाली 80 फीट सडक पर कॉर्नर के रूप में स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग, जयपुर द्वारा दिनांक 01-10-2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार शहरी सेवा शिविर - 2025 के दौरान आवेदनों में 15 दिवस के स्थान पर 07 दिवस की आपत्ति सूचना प्रकाशित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है। अतः उपरोक्त अधिसूचनाओं के कम में आम सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र के उदयपुर संस्करण में पठनीय करवाया जायें। उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय नगरपालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2025-26/3185 (प्रारूप 10) दिनांक: 13.10.2025

-: लोक सूचना :-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों/स्वामियों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

क्र. सं.	नाम आवेदन व खातेदार	जिले व तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल
1.	श्री रूस्तम पुंवार पिता श्री नूर मोहम्मद निवासी कपासन	तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ	कपासन	आराजी नं. 5342, 5343, 5344, 5345, 5346, 5347, 5348, 5349 कुल किता 08 कुल रकबा 1.38 हेक्टेयर	1.38 हेक्टेयर में से 1250 वर्गफीट यानि 116.17 वर्गमीटर आवासीय प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस समय लोक सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्